**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.3995**
**मंगलवार, 25 मार्च, 2025/04चैत्र, 1947 (शक) को उत्तरार्थ**

**एनसीडीसी द्वारा महिला सहकारी समितियों के लिए योजनाएं**

**3995. श्री सतीश कुमार गौतमः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) द्वारा महिला सहकारी समितियों के लिए कोई विशेष योजना कार्यान्वित की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान एनसीडीसी द्वारा महिला सहकारी समितियों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और
(ग) अवसंरचना परियोजनाओं के लिए महिला सहकारी समितियों को संवितरित की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री**
**(श्री अमित शाह)**

(क): राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) विशेष रूप से महिला सहकारी समितियों के लिए निम्नलिखित दो योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है :

(i) **स्वयंशक्ति सहकार योजना –** इस योजना का उद्देश्य गरीबों को किफायती, लागत प्रभावी और विश्वसनीय वित्तीय सेवाओं तक पहुंच को सुगम बनाना, महिला स्व-सहायता समूहों (SHGs) को साझा/सामूहिक सामाजिक-आर्थिक कार्यकलापों को करने के लिए पर्याप्त बैंक ऋण प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करना और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देना है । इस योजना के अंतर्गत, प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियाँ (पैक्स), जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (DCCBs), राज्य सहकारी बैंक (StCBs) और स्वयं सहायता समूहों की संघबद्ध सहकारी समितियाँ/सहकारी परिसंघों, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) की सहायता के लिए पात्र हैं ।

(ii) **नंदिनी सहकार-** नंदिनी सहकार योजना राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) की एक महिला केंद्रित संरचना है, जिसमें वित्तीय सहायता, परियोजना निर्माण, हैंड-होल्डिंग और क्षमता विकास शामिल हैं । इसका उद्देश्य महिला सहकारी समितियों को किसी भी क्षेत्र, शहरी

आवासन को छोड़कर, में व्यवसाय मॉडल-आधारित कार्यकलापों को अपनाने में मदद करना है । इस योजना के उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत के सिद्धांतों के अनुरूप हैं । यह पहल उद्यम विकास, व्यवसाय योजना, क्षमता निर्माण और क्रेडिट और ब्याज संसहायिकी के माध्यम से वित्तीय सहायता जैसे इनपुट के माध्यम से उद्यमशीलता की गतिशीलता को बढ़ावा देकर महिला सहकारी समितियों का समर्थन करती है ।

(ख): राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) ने पिछले तीन वर्षों के दौरान महिला सहकारी समितियों को 3099.33 करोड़ रुपये की कुल वित्तीय सहायता संवितरित की है:

**(करोड़ रुपये में)**

| **वर्ष** | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 (दिनांक18.03.2025 तक) | कुल |
|---|---|---|---|---|
| **राशि** | 1437.24 | 711.55 | 950.54 | **3099.33** |

(ग): राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) द्वारा अवसरंचना परियोजनाओं के लिए महिला सहकारी समितियों को संवितरित वित्तीय सहायता का विवरण इस प्रकार हैः

**(करोड़ रुपये में)**

| **क्रम सं.** | **वित्तीय वर्ष** | **राशि** |
|---|---|---|
| 1. | 2022-23 | 1.101 |
| 2. | 2023-24 | 1.179 |
| 3. | 2024-25 (दिनांक18.03.2025 तक) | 0.089 |
| 4. | कुल | 2.369 |

******